वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 23.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “,दैनिक जागरण, अमर उजाला,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

दैनिक जागरण–दि0 23.12.2024

असि नदी के प्रवाह क्षेत्र के सीमांकन को संयुक्त टीम गठित

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण असि नदी के पुनरुद्धार के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा है। नगर में अस्सी के संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र में नदी की चौड़ाई का सीमांकन कराने के लिए टीम का गठन किया गया है। यह टीम नदी से जुड़े तालाबों कर्दमेश्वर तालाब के पास पोखरी, कंदवां व कंचनपुर तालाबों, पोखरा के भू-स्वामित्व तथा राजस्व अभिलेखों की जांच करेगी। वीडीए की टीम में नगर निगम और राजस्व विभाग के लोग शामिल हैं। कार्य के सुचारु एवं समयबद्ध संपादन के लिए अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

अमर उजाला–दि0 23.12.2024

सैटेलाइट से अवैध निर्माण का पता लगाएगा वीडीए

एक हजार वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माणों को किया जाएगा चिह्नित

वाराणसी। शहर के एक हजार वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में होने वाले बड़े व्यावसायिक निर्माणों का पता लगाने के लिए सैटेलाइट की मदद ली जाएगी। वीडीए की ओर से हर तीन महीने पर इसकी निगरानी की जाएगी। इसके आधार पर बगैर नक्शा पास कराए निर्माण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

पहले के सैटेलाइट के सर्वे में पता चला कि बाबतपुर रोड, रिंग रोड, वाराणसी के मुख्य मार्ग पर 86 नए निर्माण हुए हैं। इन्हें चिह्नित करते हुए सॉफ्टवेयर पर दिखाया गया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार शहर में होने वाले निर्माण की एक इमेज सैटेलाइट से वीडीए को मिलेगी। इन इमेज के जरिये हर महीने देखा जाएगा कि कहां खाली जमीन है और कहां पर निर्माण हो रहा है। इसकी निगरानी प्रतिदिन की जाएगी।

इमेज में होने वाले परिवर्तन के आधार पर जांच की जाएगी। इस दौरान अवैध निर्माण वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इससे वीडीए को अवैध निर्माण खोजने के लिए गली-गली जाने की जहमत नहीं उठानी पड़ेगी। साथ ही वीडीए के उच्चाधिकारियों को भी संबंधित इलाकों की जानकारी आसानी से हो जाएगी। इसकी हर महीने समीक्षा की जाएगी। ब्यूरो